कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-01.04.2025

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त कुलवीर थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0193/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कुलवीर पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम बर्थरा खुर्द थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-01.04.2025 को समय करीब 11.00 बजे संदहा अण्डर पास थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार करते हुए पीड़िता/अपहृता की बरामदगी की गयी। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-30.03.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि विपक्षी कुलवीर उर्फ प्रदीप प्रार्थी की नाबालिग पुत्री उम्र लगभग (14 वर्ष) को अपने साथ कहीं लेकर चला गया है, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर वाराणसी में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना म0उ0नि0 रौशनी सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

कुलवीर पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम बर्थरा खुर्द थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र 23 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान-

संदहा अण्डर पास थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-01.04.2025 को समय करीब 11.00 बजे।

बरामदगी का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 14 वर्ष।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-0193/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. म0उ0नि0 रौशनी सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 राम सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 बृजेश कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी